जब तक जियूं करता रहूं सांवरे से प्यार

अब तक देखा नहीं है तुमसा कोई दातार,
जब तक जियूं करता रहूं सांवरे से प्यार,
अब तक देखा नहीं है तुमसा कोई दातार,
जब तक जियूं करता रहूं सांवरे से प्यार ॥

ऐ श्याम धणी मुझको एक, तेरा सहारा है,
एक बार तुम ये कह दो, ये भक्त हमारा है,
विनती हमारी है तुमसे, सुनलो मेरे सरकार,
जब तक जियूं करता रहूं सांवरे से प्यार.......

प्यार जिसने भी तुमको किया,
उसका जीवन सफल हो गया,
जो भी तुम पे भरोसा करे,
उसको तुमने तो सब कुछ दिया,
बाबा हमारी नैया तुम्ही करोगे पार,
ऐ श्याम मेरी नैया तुम ही करोगे पार,
जब तक जियूं करता रहूं सांवरे से प्यार.......

मेरी किस्मत का तारा है तू,
हारे का तो सहारा है तू,
सांवरे तेरी क्या शान है,
सारे भक्तों की तो जान है,
करता है सोनू तुमसे अर्ज़ी मेरे सरकार,
जब तक जियूं करता रहूं सांवरे से प्यार.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23995/title/jab-tak-jiyu-karta-rahu-sanwre-se-payar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |